मॉडल पेपर यूपी बोर्ड 2015 कक्षा-12

भूगोल (प्रथम प्रश्न पत्र)

(समय : 3 घंटे 15 मिनट) पूर्णांक : 50

निर्देश: प्रारम्भ के 15 मि. परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है। (ii) प्रश्न संख्या 1 से 5 बहुविकल्पीय है। (iii) प्रश्न संख्या 6 से 10 तक अतिलघु उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 20 शब्दों में, प्रश्न संख्या 11 से 15 तक लघुउत्तरीय हैं, जिनका उत्तर लगभग 100 शब्दों में और प्रश्न संख्या 16 से 18 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक का उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए। (iii) सभी प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है। (vi) उपयुक्त रेखा-मानचित्रों एवं आरेखों द्वारा अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए।

बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:-

1. निम्नलिखित में से वायुमंडल की सबसे निचली परत है जिसे परिवर्तन मंडल के नाम से भी जाना जाता है? 1
   (अ) आयन मंडल (ब) क्षोभ मंडल
   (स) समताप मंडल (द) ओजोन मंडल
2. निम्नलिखित में से कौन 'भूगोल का जनक' कहा जाता है? 1
   (अ) हेरोडोटस (ब) अरस्तु
   (स) इराटोस्थनीज (द) स्ट्रोषी
3. संगमरमर रूपान्तरित चट्टान है जिसका निर्माण होता है? 1
   (अ) बालुका पत्थर से (ब) शैल से
   (स) चूना पत्थर से (द) ग्रेनाइट से
4. निम्नलिखित में से स्वेज नहर किनको जोड़ती है? 1
   (अ) भूमध्य सागर तथा लाल सागर (ब) अंध महासागर तथा प्रशान्त महासागर (स) काला सागर तथा कैस्पियन सागर (द) उत्तरी सागर तथा बाल्टिक सागर
5. निम्नलिखित में से कौन अक्षय संसाधन है? 1
   (अ) कोयला (ब) लौह अयस्क
   (स) सौर ऊर्जा (द) मैंगनीज

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

6. भौगोलिक अध्ययन के किन्हीं दो उपागमों का उल्लेख कीजिए? ½+½
7. डेल्टा तथा एस्चुअरी में अन्तर बताइये? ½+½
8. तापमान विलोमता से आप क्या समझते हैं? 1
9. लिंग अनुपात से आप क्या समझते हैं? 1
10. संसाधन को परिभाषित कीजिए? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

11, भूगोल और अर्थशास्त्र के मध्य सम्बन्ध की विवेचना कीजिए? 2

12. मौसम और जलवायु में अन्तर बताइये? 2
13. महासागरों में लवणता के वितरण को प्रभावित करने वाले दो कारकों का उल्लेख कीजिए? 1+1
14. वायु अपरदन से उत्पन्न किन्हीं दो स्थलाकृतियों का वर्णन कीजिए? 1+1
15. लौह इस्पात उद्योग के स्थानीकरण के चार आवश्यक दशाओं का उल्लेख कीजिए? ½+½+½+½

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

16, भूगोल का अर्थ बताते हुए उसका अन्य विषयों के साथ सम्बंधों का विश्लेषण कीजिए? 5

अथवा

विश्व में भूमध्यरेखीय जलवायु का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए?
(i) स्थिति एवं विस्तार (ii) जलवायु
(iii) प्राकृतिक वनस्पति

17. पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप के वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए? 5

अथवा

गेहूँ या चावल की खेती के लिए अनुकूल दशाओं का वर्णन कीजिए तथा विश्व में इसके प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए?

18. "विश्व के कुछ भाग घने बसे हैं जबकि अधिकांश जन शून्य हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए? 5

अथवा

भारत में सड़क परिवहन का वर्णन कीजिए तथा इसकी समस्याओं का उल्लेख कीजिए?

हीरालाल चन्देल
प्रवक्ता भूगोल
बी.ए.वी.इ. कॉलेज
मेरठ शहर

नोट- यह प्रतिदर्श प्रश्न पत्र है जरूरी नहीं है यही प्रश्न परिषदीय परीक्षा में आए।